Workers' Compensation Board – Alberta

Worker
Fact Sheet

स्थायी और गैर-स्थायी कर्मचारियों के लिए क्षतिपूर्ति दरों का निर्धारण

आपकी क्षतिपूर्ति दर इस बात पर आधारित होगी कि दुर्घटना के समय आप **स्थायी कर्मचारी** थे या **गैर-स्थायी कर्मचारी।**

स्थायी कर्मचारी

स्थायी कर्मचारी आवंटित अवकाश अवधि को छोड़कर प्रति वर्ष 12 माह के लिए नियोजित किए जाते हैं। उनका पद छंटनी के अधीन नहीं होता है।

गैर-स्थायी कर्मचारी

गैर-स्थायी कर्मचारी प्रति वर्ष 12 माह से कम के लिए नियोजित किए जाते हैं तथा उनका पद छंटनी, शटडाउन या मौसमी कारकों के अधीन हो सकता है। गैर-स्थायी कर्मचारियों को उनके कार्य के अनुसार मौसमी, अनुबंधित या अस्थायी कर्मचारी भी कहा जा सकता है।

मुझे वेतन प्रतिस्थापन लाभ में कितनी राशि प्राप्त होगी?

यदि आप किसी काम संबंधी चोट के कारण काम का समय गंवा रहे हैं, तो आप मजदूरी प्रतिस्थापन लाभ के हकदार हो सकते हैं। हमारी क्षतिपूर्ति दर दुर्घटना के समय आपकी शुद्ध आय के 90% के आधार पर तय होती है।

यदि दुर्घटना की तिथि 1 सितम्बर, 2018 से पहले थी, तो आपकी आय एक वार्षिक अधिकतम राशि के अधीन है।

आपको कैसे पता कि दुर्घटना के समय मेरी आय कितनी थी?

अधिकतर मामलों में, आपके नियोक्ता हमें आपके दुर्घटना से पिछले वर्ष के लिए आपकी **सकल आय** प्रदान करते हैं और हम आपकी क्षतिपूर्ति दर निर्धारित करने के लिए उस कुल वार्षिक आय का उपयोग करते हैं।

- यदि पिछले वर्ष में आपके वेतन या पद में कोई बदलाव हुआ है, तो हम आपकी आय को उस तिथि से दुर्घटना की तिथि तक प्रो-रेट कर सकते हैं और क्षतिपूर्ति दर निर्धारित करने के लिए इस आय का उपयोग कर सकते हैं।
- यदि आप एक वर्ष से बेरोजगार हैं, तो हम आपकी नियुक्ति की तिथि से दुर्घटना की तिथि तक आपकी कुल आय को प्रो-रेट कर सकते हैं और क्षतिपूर्ति दर निर्धारित करने के लिए इस आय का उपयोग कर सकते हैं।

सकल आय में छुट्टी/ वैधानिक अवकाश राशि, ओवरटाइम, शिफ्ट प्रीमियम, बोनस या अन्य कर-योग्य रोजगार आय शामिल होते हैं।

क्षतिपूर्ति दर के लिए आपकी वार्षिक कुल आय की गणना करने के लिए हम आपके प्रति घंटा, द्वि-साप्ताहिक या मासिक आय का भी उपयोग कर सकते हैं।

उदाहरण

आपका मासिक वेतन $5,000.00 है।

$5,000.00 प्रति माह X 12 माह = $60,000.00 वार्षिक सकल आय

मेरी कुल आय निर्धारित करने के बाद, आप कैसे जानते हैं कि मेरी शुद्ध आय कितनी है?

प्रति वर्ष हमें कनाडा राजस्व एजेंसी (CRA) से जानकारी मिलती है जो हमें समकक्ष CPP, रोजगार बीमा और आयकर राशि बताती है, जिसका उपयोग हम आपकी शुद्ध आय का निर्धारण करने के लिए करते हैं। फिर हम इस शुद्ध आय का 90% भुगतान करते हैं।

क्या होगा यदि चोट के समय मेरे पास दूसरी नौकरी भी है?

यदि चोट लगने के समय आप दूसरी नौकरी करते थे, और आपकी चोट आपको अपना दूसरा काम करने में असक्षम करती है, तो हम आपकी क्षतिपूर्ति दर निर्धारित करते समय उस आय पर भी विचार कर सकते हैं। हम इसे आपकी समवर्ती दर कहते हैं।

यदि मौसमी अवकाश, बंद होने या छंटनी के कारण आपकी नौकरी 12 महीनों के लिए अपेक्षित नहीं थी, तो आपकी क्षतिपूर्ति दर में दो दरें शामिल होती हैं

आपकी अस्थायी क्षतिपूर्ति दर

- आपके लिए निर्धारित पहली दर एक अस्थायी दर होती है, और आपके द्वारा अपनी नौकरी पूरे 12 माह किये जाने पर आपकी वार्षिक सकल आय को दर्शाता है।
- हम इस दर के आधार पर आपके लाभों का भुगतान उस तिथि तक करते हैं जिस दिन तक चोट न लगने की स्थिति में आपके काम करने की उम्मीद थी। इस तिथि के बाद, एक नई दर शुरू होती है, हम इसे आपकी आधार दर कहते हैं।

आपकी आधार क्षतिपूर्ति दर

- आपकी आधार दर उस दिन से शुरू हो जाती है जिस दिन आपकी नौकरी समाप्त होने की उम्मीद थी (चोट न लगने की स्थिति में) और आपकी स्थायी दर बन जाती है। आपके दावे के शेष भाग के लिए इस दर के आधार पर लाभ की गणना की जाती है (जब तक कि कोई अन्य प्रकार की दर निर्धारित न हो)।
- इस दर की गणना आपकी अस्थायी दर से कुल आय और दुर्घटना की तिथि से वास्तविक रोजगार अवधि का उपयोग करके की जाती है।
- हम आपकी रोजगार अवधि (यानी मौसमी) के बाहर की अन्य आय पर भी विचार कर सकते हैं और उन्हें आपकी आधार दर में जोड़ सकते हैं

अस्थायी और आधार दर का उदाहरण

1 अप्रैल - 30 सितंबर (6 महीने) की अवधि में आप एक मौसमी भू-निर्माण कंपनी के साथ काम करने के दौरान घायल हो गए और आपने $5,000.00 प्रति माह कमाए। 1 अक्टूबर को आपकी नौकरी समाप्त हो जाएगी क्योंकि इस प्रकार के काम के लिए मौसम समाप्त हो जाता है।

$5,000 प्रति माह X 12 माह = $60,000.00 वार्षिक सकल आय

आपकी **अस्थायी दर** $60,000.00 वार्षिक सकल आय के आधार पर निर्धारित होगी।

1 अक्टूबर को आपकी आधार दर शुरू हो जायेगी। इस दर की गणना अस्थायी दर से वार्षिक सकल आय और भू-निर्माण कंपनी में वास्तविक रोजगार अवधि का उपयोग करके की जाती है।

$60,000.00 को 12 माह से भाग करके X 6 माह (वास्तविक रोजगार अवधि) = $30,000.00 वार्षिक सकल आय

आपकी **आधार दर** $30,000.00 वार्षिक सकल आय के आधार पर निर्धारित होगी।

अन्य आय

दुर्घटना की तिथि को आपका रोजगार मौसमी (या गैर-स्थायी) होने के कारण हम भू-निर्माण कंपनी के साथ आपके रोजगार की अवधि के बाहर अन्य आय पर विचार करने में सक्षम हैं।

आपने पिछले वर्ष के लिए आय दस्तावेज जमा किये थे जब आपने अक्टूबर से मार्च तक बर्फ हटाने का काम किया था। दस्तावेजों से $23,000.00 की सकल आय की पुष्टि हुई है जो कि आपकी आधार दर में जोड़ी गई है।

$30,000.00 (आधार दर) + $23,000.00 (अन्य आय) = $53,000.00

आपकी आधार दर तब बढ़कर $53,000.00 वार्षिक सकल आय हो गयी।

मुझे अधिक जानकारी चाहिए, मेरे संसाधन क्या हैं?

श्रमिक क्षतिपूर्ति अधिनियम की धारा 56

सामान्य विनियमन की धारा 1(2)

WCB नीति नियमावली का परिशिष्ट E

WCB नीति 04-01 भाग I – शुद्ध आय का निर्धारण

WCB नीति 04-01 भाग II - अध्याय 4 (लाभ) विषय A1 (सामान्य)

WCB नीति 04-01 भाग II - अध्याय 4 (लाभ) विषय A2 (विशेष परिस्थितियाँ)

शुद्ध आय का 90% तथ्य पत्रक